**UPGK010114042021**

**न्यायालय अपर जिला जज, न्याय कक्ष सं-4, गोरखपुर।**

**<u>उपस्थितः अशोक कुमार यादव, उच्चतर न्यायिक सेवा</u>**

**<u>आरबिट्रेशन इजरा संख्या-188/2021</u>**

**मैसर्स श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाईनेन्स कम्पनी लि० ..........बनाम..........संतोष व अन्य**

**<u>दिनांक 03-08-2023</u>**

पत्रावली पेश हुई। पुकार कराई गयी। बार–बार पुकार पर आवेदक/डिक्रीदार की ओर से कोई उपस्थित नहीं है न ही कोई स्थगन प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया है।

पत्रावली के परिशीलन से यह स्पष्ट है कि विगत कई तिथियों से आवेदक/डिक्रीदार की ओर से कोई उपस्थित नहीं है न ही न्यायालय के पूर्व निर्देशों के अनुपालन में आवेदक/डिक्रीदार ओर से निर्णीत ऋणी पर नोटिस हेतु कोई पैरवी की गयी है। पत्रावली के परिशीलन से प्रतीत होता है कि आवेदक/डिक्रीदार को इस आरबिट्रेशन निष्पादन को जारी रखने में कोई रुचि नहीं रह गयी है।

तदनुसार आरबिट्रेशन निष्पादन आवेदक/डिक्रीदार की अनुपस्थिति एवं अदम पैरवी में खारिज किये जाने योग्य है।

**<u>आदेश</u>**

आरबिट्रेशन इजरा सं0 188/2021 मैसर्स श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाईनेन्स कम्पनी लि० बनाम संतोष व अन्य, आवेदक/डिक्रीदार की अनुपस्थिति व अदम पैरवी में **खारिज** किया जाता है।

पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

**(अशोक कुमार यादव–चतुर्थ)**
अपर जिला जज न्याय कक्ष सं0–04,
गोरखपुर।
**J.O.Code- UP-02664**

Digitally signed by ASHOK KUMAR YADAV
Date: 2023.08.03 16:53:39 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court